दिनांक 25 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सोनिया गांधी नगर एवं शीतला कांप्लेक्स के बीच पुल में जमे हुए मलबा की हुई सफाई, ह्यूम पाइप लाइन डालकर सुचारू रूप से आवागमन किया गया चालू!

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 4 एवं जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सोनिया गांधी नगर से शीतला कांप्लेक्स की ओर जाने वाला कैनाल के पानी के बीच में बना हुआ पुल में मलवा जमा होने की जानकारी के बाद महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव पहुंचे थे तथा आयुक्त एसके सुंदरानी के साथ संयुक्त निरीक्षण किया था! श्री यादव ने जोन के अधिकारियों को मौके पर ही सफाई करवाने के निर्देश दिए थे! जिसके तुरंत बाद चैन माउंटेन एवं सफाई कर्मचारियों के द्वारा सफाई कार्य की शुरुआत की गई जोकि अब समाप्त हो गई है ह्यूम पाइप डालकर आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है! भीड़भाड़ वाले एवं व्यस्त प्रमुख मार्ग होने के कारण सफाई नहीं हो पा रही थी, परंतु अब इसे साफ करने का कार्य पूर्ण रूप से किया जा चुका है सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर ने बताया कि पूल में जमे हुए मलबा की सफाई का कार्य किया जा रहा था क्योंकि यह आवागमन का प्रमुख मार्ग है एवं भीड़भाड़ वाले स्थल पर ही कार्य किया जाना था आवागमन बाधित न हो इसलिए कुछ रास्ते को डायवर्ट भी कर दिया गया था परंतु अब इसे सुचारु रूप से चालू कर दिया गया! सोनिया गांधी नगर क्षेत्र से कैनाल निर्माण होने के कारण एवं कैनाल सफाई होने के कारण जल का प्रवाह बारिश के दिनों में प्रवाहित होगा अब शीतला कामप्लेस की ओर जाने वाले नाला के बीच में आने वाले पूल की संपूर्ण सफाई कर ह्यूम पाइप डाल दिया गया है जिससे जल प्रवाह निरंतर बना रहे! सफाई होने से सोनिया गांधी नगर क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव होने की संभावना कम हो जाएगी!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है   जल ही जीवन है!